
# ७ झूला

W5Q3W2

– रामसिंहासन सहाय 'मधुर'

प्रस्तुत कविता रामसिंहासन सहाय 'मधुर' रचित है । बच्चों को झूले से लगाव होता है । झूले पर चढ़कर बच्चे क्या-क्या कल्पना करते हैं – इसका विवरण कविता में दिया गया है ।




अम्मा आज लगा दे झूला,
इस झूले पर मैं झूलूँगा ।
इस पर चढ़कर, ऊपर बढ़कर,
आसमान को मैं छू लूँगा ।

झूला झूल रही है डाली,
झूल रहा है पत्ता-पत्ता ।
इस झूले पर बड़ा मज़ा है,
चल दिल्ली, ले चल कलकत्ता ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in



झूल रही नीचे की धरती,
उड़ चल, उड़ चल,
उड़ चल, उड़ चल ।
बरस रहा है रिमझिम - रिमझिम,
उड़कर मैं लूटूँ दल-बादल ।

## शब्दार्थ

**झूला** पालना, हिंडोला (ગુજ. હિંચકો) **पत्ता** पर्ण (ગુજ. પાન, પાંદડા) **आसमान** आकाश



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## अभ्यास

**प्रश्न १. पढ़िए और बोलिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अम्मा, | झूला, | चढ़कर, | बढ़कर, | दिल्ली, |
| मज़ा, | बड़ा, | उड़कर, | धरती, | रिमझिम |

**प्रश्न २. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(१) 'झ' वाले शब्द कविता में से ढूँढ़कर बोलिए ।

(२) आपने कहाँ-कहाँ झूले देखे हैं ?

(३) आप किस तरह के झूले में झूले हैं ?

(४) पहली बार झूला झूलने का अनुभव बताइए ।

## स्वाध्याय

**प्रश्न १. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(१) लड़का अम्मा को क्या लगाने को कहता है ?

(२) लड़का किसको छूने की बात करता है ?

(३) झूला कौन-कौन झूल रहे हैं ?

**प्रश्न २. सूचना के अनुसार अभिनय कीजिए :**

(१) केला खाना

(२) आम चूसना

(३) राखी बाँधना

(४) पतंग उड़ाना

(५) झाड़ू लगाना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न ३. काव्य पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :**

अम्मा आज ...........
इस झूले ..................... ।
........... चढ़कर, ऊपर ...........,
आसमान को मैं ..................... ।

**प्रश्न ४. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(१) मैं खेल खेल ______ । (रहा हूँ / रहे हैं)
(२) हम पाठशाला जा ______ । (रहे हैं, रहा हूँ)
(३) यह हाथी है । ______ सूँड़ लम्बी है । (इसकी / इनकी)
(४) ______ कौआ है । उसका रंग काला है । (वह / यह)
(५) ये तितलियाँ हैं । ______ पंख रंग-बिरंगे हैं । (इनके / उनके)
(६) वे लड़के हैं । ______ बस्ते लाल रंग के हैं । (उनके / इनके)

**भाषा-सज्जता**

- आज × कल
- आना × जाना
- हँसना × रोना
- सोना × जागना

उपर्युक्त शब्द 'आज' और 'कल', 'आना' और 'जाना', 'हँसना' और 'रोना' तथा 'सोना' और 'जागना' शब्द एक दूसरे के विरोधी हैं ।

**जो शब्द उलटा अर्थ रखते हैं, वे परस्पर विरोधी (विलोम) शब्द कहलाते हैं ।**

**प्रश्न ५. विरोधी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**जैसे : चलना × रुकना**

- हमें हमेशा चलते रहना चाहिए ।
- हमें मुश्किलों से डरकर रुकना नहीं चाहिए ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(१) ऊपर	(३) चढ़ना
(२) आसमान	(४) छोटा

## योग्यता-विस्तार

(क) पता कीजिए और लिखिए - झूला कब और किस मौसम में झूलते हैं ।

(ख) किसी देखे हुए झूले का चित्र बनाकर रंग भरिए :

M4L3P3



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in